# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

## अन्तिम वर्ष/अन्तिम सेमेस्टर –2020 की परीक्षाओं से सम्बन्धित नियम

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/उत्तर प्रद्रेश शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुपालन में अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्रों की अन्तिम वर्ष/समेस्टर की परीक्षाएं एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर कराये जाने एवं अन्य कक्षाओं के छात्रों को प्रोन्नत किये जाने हेतु निम्नवत् निर्णय लिया गया हैः

1. वाणिज्य संकाय की वार्षिक परीक्षा।
   - बी0काम0 अन्तिम वर्ष की परीक्षाएं एम0सी0क्यू प्रणाली पर करवायी जायेगी।
   - बी0काम0 में 4 ग्रुप होते है और प्रत्येक ग्रुप में 2 प्रश्नपत्र होते हैं इसलिए प्रत्येक दिन एक ग्रुप के दोनों पेपर की परीक्षा एक पाली में सम्पन्न करवायी जायेगी। प्रत्येक पश्नपत्र में ए0 100 एवं बी0 100 प्रश्न दिए जायेगें जिसमें से ए0–50 अंक एवं बी0–50 प्रश्न को चुनने का विकल्प दिया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जायेगा, और दोनों प्रश्नपत्रों ए0 तथा बी0 को हल करने के लिए 120 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
2. वाणिज्य संकाय–स्नातक आनर्स छठा सेमेस्टर (अन्तिम) एवं परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर (अन्तिम) परीक्षा
   - परास्नातक एवं बी0 काम0 आनर्स की परीक्षाओं को भी एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर करवायी जायेगी।
   - प्रत्येक प्रश्नपत्र में 70 प्रश्न दिए जायेगें, जिसमें से 35 प्रश्न चुनने की सुविधा छात्रों को दी जायेगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जाए, 60 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
   - मौखिकी अथवा डिजरटेशन मौखिकी की परीक्षा विभागाध्यक्ष स्तर पर करवा ली जाए और अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।
   - आंतरिक परीक्षा के अंक विगत सेमेस्टरों में दिए गए आंतरिक परीक्षा के अंकों का औसत निकालकर प्रदान किए जायेगें।
3. कला संकाय (वार्षिक परीक्षा)
   - स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षाओं को एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर करवायी जायेगी।
   - स्नातक अन्तिम वर्ष में दो विषयों में तीन–तीन पश्नपत्र होते है इसलिए प्रत्येक दिन एक विषय के तीनो प्रश्नपत्रों की परीक्षा एक ही पाली में करवायी जायेगी, प्रत्येक प्रश्नपत्र में ए–50 प्रश्न बी–50 प्रश्न सी–50 प्रश्न दिए जायेगें, जिसमें से प्रत्येक प्रश्नपत्र ए0,बी0, तथा सी0 में 25 प्रश्न चुनने का विकल्प दिया जायेगा, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जायेगा और तीनों प्रश्नपत्रों के हल करने के लिए 120 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
   - जिन विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षा है वहां उनके अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाए।

4. कला संकाय –स्नातक आनर्स छठा सेमेस्टर (अन्तिम) एवं परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर (अन्तिम) परीक्षाः

- बी0ए0 आनर्स एवं परास्नातक की परीक्षाएं एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर करवायी जायेगी।
- प्रत्येक पश्नपत्र में 70 प्रश्न दिए जायेगें, जिसमें से 35 प्रश्न चुनने की सुविधा छात्र का प्रदान की जायेगी, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जायेगा, और 60 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
- आंतरिक परीक्षा के अंक विगत सेमेस्टरों में दिए गए आंतरिक परीक्षा के अंकों का औसत निकालकर प्रदान किए जायेगें।
- प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षा का मूल्यांकन प्रयोगशाला में प्रतिभाग करने, फाइल अथवा रिकार्ड तैयार करने, उपस्थिति आदि के आधार पर करवाकर अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

5. विज्ञान संकाय (वार्षिक परीक्षा)

- स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षाओं को एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर संपन्न करवायी जायेगी।
- स्नातक अन्तिम वर्ष में दो विषयों में तीन–तीन प्रश्नपत्र एवं एक प्रयोगात्मक परीक्षा होती है। प्रत्येक दिन एक विषय के तीनों प्रश्नपत्रों की परीक्षा एक ही पाली में सम्पन्न करवायी जायेगी, प्रत्येक प्रश्नपत्र में ए–50 प्रश्न, बी–50 प्रश्न, सी–50 प्रश्न दिए जायेगें, जिनमे से प्रत्येक प्रश्नपत्र ए0, बी0, तथा सी0 में 25–25–25 प्रश्न चुनने का विकल्प दिया जायेगा, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का रखा जायेगा, और तीनों प्रश्नपत्रों के हल करने के लिए 120 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
- जिन विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षा है वहां उनके अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

6. विज्ञान संकाय परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर (अन्तिम) परीक्षा।

- परास्नातक परीक्षा एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर सम्पन्न करवायी जायेगी।
- प्रत्येक प्रश्नपत्र में 70 प्रश्न दिए जायेगें, जिसमें से 35 प्रश्न चुनने की सुविधा छात्र को दी जायेगी, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक रखा जायेगा और 60 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
- आंतरिक परीक्षा के अंक विगत सेमेस्टरों में दिए गए आंतरिक परीक्षा के अंकों का औसत निकालकर प्रदान किए जायेगें।
- प्रयोगात्मक, मौखिकी परीक्षा, फील्डवर्क, प्रोजेक्ट वर्क (फाइल) आदि की परीक्षा का मूल्यांकन प्रयोगशाला में प्रतिभाग करने, फाइल अथवा रिकार्ड तैयार करने आदि के आधार पर करवाकर अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

7. विधि संकाय (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम–छः सेमेस्टर के अंतर्गत छठे अंतिम सेमेस्टर तथा पंचवर्षीय पाठ्यक्रम–दस सेमेस्टर के अंतर्गत दसवें अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा )

- दसवें सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में कुल सात प्रश्नपत्र हैं, छः प्रश्नपत्र अधिकतम प्राप्तांक 100 के सातवां अधिकतम प्राप्तांक 50 का तथा मौखिकी परीक्षा 50 की है। अधिकतम प्राप्तांक 100 के प्रश्नपत्रों में प्रत्येक प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न दिए जायेगें, जिसमें से 50 प्रश्न चुनने की सुविधा छात्रों को दी जायेगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जायेगा, 60 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा। अधिकतम प्राप्तांक 50 के प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न दिए जायेगें, जिसमें से 25 प्रश्न चुनने की सुविधा छात्रों का दी जायेगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जायेगा, 60 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा। मौखिकी परीक्षा विभागाध्यक्ष के स्तर पर सम्पन्न करवाई जायेगी।
- मौखिकी की परीक्षा के अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।
- त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम–छः सेमेस्टर के अंतर्गत छठे अंतिम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में कुल सात प्रश्नपत्र हैं, जो अधिकतम प्राप्तांक 100 के हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 100 प्रश्न दिए जाएं, जिसमें से 50 प्रश्न चुनने की सुविधा छात्रों को दी जायेगी। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का रखा जाए, 60 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा।
- मौखिकी की परीक्षा के अंकों का विवरण विभागाध्यक्ष द्वारा विभाग Login ID के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

8. ललित कला संकाय–

| Course in UG Final Year | | Theory Paper | Maximum | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.V.A. Painting(Fine Art) | 02 | 100 each | |
| 2. | B.V.A. Applied Art | 02 | 100 each | |
| 3. | B.V.A. Sculpture | 02 | 100 each | |
| 4. | B.F.A. Textile Design | 02 | 100 each | |
| Course in P.G. Final Year | | Theory Paper | Maximum | |
| 1. | M.V.A. Painting(Fine Art) | 02 | 70 each | 30 each Internal |
| 2. | M.V.A. Applied Art | 02 | 70 each | 30 each Internal |
| 3. | M.V.A. Sculpture | 02 | 70 each | 30 each Internal |
| Diploma | | | | |
| 1. | A.M.T (Technical Drawing) | 01 | 100 | |
| 2. | B.V.A. Ist Year | 02 | 80 each | 20 each Internal |

**UG level:** We shall adopt the same pattern as other department in LU. That is two marks for each question. They have to attend only 50 out of 100 questions. Both papers will be on MCQ Pattern. Time will be one hour for each paper. Both Booklets will be serve together.
**PG level:** They have to attend 35 questions out of 70 questions, each answers having two marks. Rest as above.

**Practical Examination/Assessment:**

- For U.G. and P.G. both 50% marks will be given by the internal Examiner and rest 50% marks will be given by external examiner on the class work only instead of practical examination.
- M.V.A.- Student will present one of his last work or best work (Painting/Sculpture/Applied Art) etc. to valuate as examination work.
- Display and dissertation in M.V.A. Final year shall be same as earlier (no change).
  30 marks by internal examiner in M.V.A. (Theory/Project) in each subject.
- Other than final year as adopted by LU on Government Guideline.
- Only B.V.A./B.F.A. First Semester examination which is still pending therefore:
  Theory (Two Papers) will on MCQ pattern as final year examination.
  Practical all six subject valuation will be based on class work i.e. 50 marks will be given by internal examiner and 50 marks will be given by external examiner.

9. आयुर्वेद एवं यूनानी संकायः
   - आयुर्वेद एवं यूनानी संकाय के छात्रों की परीक्षाऐं सी0सी0आई0एम0 के निर्देशानुसार केवल अन्तिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाऐं विवरणात्मक प्रणाली के आधार करायी जायेगी। शेष कक्षाओं की परीक्षाऐं कोविड–19 की स्थितियॉ सामान्य होने पर सम्पादित की जायेगी।
10. विश्वविद्यालय में संचालित समस्त डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट की परीक्षाऐं एम0सी0क्यू0 प्रणाली के आधार पर सम्पादित की जायेगी।
11. स्नातक की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 16.03.2020 को प्रारम्भ हो चुकी थीं, लेकिन बी0ए0 एवं बी0एस–सी0 की परीक्षाओं में केवल एक ही प्रश्न की परीक्षा हुई और उसके उपरान्त लाकडाउन घोषित हो गया, चूंकि एक ही प्रश्न–पत्र की परीक्षा सम्पन्न हो सुकी थी, और परीक्षा प्रणाली विवरणात्मक थी इसलिए दिनांक 16.03.2020 की परीक्षा निरस्त कर स्नातक कक्षाओं की सम्पूर्ण परीक्षा एम0सी0क्यू0 प्रणाली पर पुनः सम्पन्न करवा ली जाए।